
राज एक्सप्रेस | महानगर



# भारत सरकार की नीति पाकिस्तानी प्रायोजित हमलों को प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार

इंदौर (आरएनएन)। आईआईटी इंदौर में शुक्रवार को एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इथियोपिया, इंडोनेशिया और जर्मनी में भारतीय राजदूत रह चुके गुरजीत सिंह ने अपनी बात रखी। व्याख्यान अंडर्स्टेंडिंग इंडिया रिलेशन विथ पाकिस्तान टू डे पर आयोजित किया गया।

उन्होंने 1948, 1965, 1971 के संघाषों के साथ ही 1998 के कारगिल में हुए संघषों के बाद विभाजन की घटनाओं को सुनाया। उन्होंने पाकिस्तान के साथ सामान्य संबंध रखने के लिए 70 सालों में भारत द्वारा किए गए सकारात्मक प्रयासों की व्याख्या की। उन्होंने बताया कि कैसे अनिच्छा और शत्रुता के कारण इनको विफल कर दिया गया और दोनों देशों को किस तरह अलग-अलग पटरियों पर विकसित किया गया। पुलवामा हमले और बालाकोट में भारत की प्रतिक्रिया के संदर्भ में उन्होंने बताया कि कैसे सरकार की नीति अब पाकिस्तानी प्रायोजित हमलों के लिए एक अलग स्तर की प्रतिक्रिया देने के लिए विस्तृत हो गई है।

**Raj Express (Indore), 6th April 2019, Page-7**